रणजीत टाइम्स

2 इंदौर

सोमवार, 29 दिसम्बर, 2025

वर्ष 02 | अंक 01 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# सिल्वर पार्क ग्राम पंचायत में बिल्डर की मनमानी उजागर



सह संपादक दीपक वाड़ेकर

## जलभराव ने बनाया लोगों का जीवन दूभर, बिजली ट्रांसफार्मर बना बड़े हादसे का खतरा

सिल्वर पार्क बालयाखेड़ा। ग्राम पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सिल्वर पार्क कॉलोनी फेस 3 में हालात लगातार बद से बदतर होते जा रहे हैं। बिल्डर की लापरवाही और प्रशासन की उदासीनता के चलते पूरी कॉलोनी जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रही है।

हाल यह है कि बारिश का पानी निकलने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरी कॉलोनी तालाब में तब्दील हो चुकी है और लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति कॉलोनी में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर के आसपास बनी हुई है। ट्रांसफार्मर के पास भारी मात्रा में पानी जमा है, जिससे कभी भी करंट फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण दे रही है, लेकिन इसके बावजूद न तो बिल्डर और न ही पंचायत प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है।

### निवासियों का आरोप

प्लॉट बेचते समय बिल्डर ने पक्की सड़कों, नालियों और बेहतर ड्रेनेज सिस्टम का वादा किया था। लोगों ने इन्हीं भरोसों पर अपनी जमा पूंजी लगाकर यहां प्लॉट खरीदे और मकान बनाए। लेकिन आज स्थिति यह है कि कॉलोनी में न तो ढंग की सड़कें हैं और न ही पानी निकासी की कोई व्यवस्था। जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों को मजबूरी में उसी पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है।



### जलभराव के कारण कॉलोनी में बदबू फैल रही है

रुके हुए पानी में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इसका सीधा असर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सेहत पर पड़ रहा है। लोगों को डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का डर सताने लगा है। कई परिवारों ने बताया कि आए दिन बच्चे बीमार हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार पंचायत प्रशासन और बिल्डर से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई और सड़कों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे जनपद पंचायत और जिला पंचायत का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे। कॉलोनीवासी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं और जिम्मेदारों से तत्काल समाधान की मांग कर रहे हैं।

# आबकारी इंदौर की पीने और पिलाने वालों पर कार्यवाही

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी सी.के.साहू जी के नेतृत्व में दिनांक 26/12/2025-27/12/2025 को वृत्त- मालवा मिल ब, मालवा मील , आंतरिक क्र 1, छावनी, सांवेर में वृत- उप निरीक्षक सुनील कुमार मालवीय, आशीष जैन, श्रीमती त्रिअंबिका शर्मा, जयेश वास्केल, की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा "पीने और पिलाने" वाले के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में दौराने गस्त शहर के बाहरी इलाकों और नेशनल हाईवे पर स्थित गिल ढाबा, भुक्कड़ ढाबा, मां भवानी ढाबा , हाईवे टच ढाबा, लालटेन ढाबा, शिकार वाड़ ढाबा 8 pm ढाबा, न्यू सीटिंग जोन ढाबा, candlas ढाबा,



पर आबकारी विभाग ने बड़ी स्ट्राइक की है। 31/ December के पूर्व में मिल रही शिकायतों के बाद, विभाग की टीम ने विभिन्न ढाबों पर एक साथ छापेमारी की, जहाँ नियमों को ताक पर रखकर ग्राहकों को शराब परोसी जा रही थी एवं जाँच के दौरान ढाबों पर बिना वैध अनुज्ञप्ति (License) के ग्राहकों को मदिरा परोसते हुए पाया गया। विभाग ने आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36(A) तथा 36(B ) के तहत कुल 24 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए तथा 6 बल्क लीटर स्प्रिट तथा 12 बल्क लीटर माल्ट अवैध शराब जब्त की है।

**ज़ब्त मदिरा की कुल कीमत लगभग 8500/- रू है**

कार्यवाही में आरक्षक श्री निहाल सिंह बुंदेला,श्री विपुल खरे , प्रमोद सेठे, विक्रम यादव, विजय सोलंकी , विकास मंडलोई, श्री कुलदीप चौहान, वीरेंद्र पटेल, श्री नितिन सोनी, संजय सिगार, राजू जांबेकर का सराहनीय योगदान रहा।

# इंदौर में वन विज्ञान केंद्र का शुभारंभ

**प्रदीप मिश्रा, आईएफएस**
**वनमंडलाधिकारी,**

इंदौर वानिकी विज्ञान को किसानों और बाजार से जोड़ने की पहल लोगों तक वानिकी विज्ञान पहुँचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम इंदौर में वन विज्ञान केंद्र (VVK) का उद्घाटन भारत की वानिकी विस्तार प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस केंद्र का उद्देश्य वैज्ञानिक शोध को सीधे किसानों और बाजार से जोड़ना है, ताकि आजीविका, संरक्षण और जलवायु अनुकूलन को एक साथ बढ़ावा दिया जा सके। यह केंद्र सोशल फॉरेस्ट्री कार्यालय, मालवा डेमो नर्सरी परिसर, इंदौर में स्थापित किया गया है। इसे (ICFRE) के मार्गदर्शन में तथा, जबलपुर के तकनीकी सहयोग से, इंदौर वन मंडल के सहयोग से स्थापित किया गया है।

भारत के बढ़ते वन विज्ञान केंद्र नेटवर्क में इंदौर की भागीदारी वर्ष 2010 से अब तक ICFRE द्वारा देशभर में 42 वन विज्ञान केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, ताकि वानिकी अनुसंधान किसानों, वन आश्रित समुदायों और स्व-सहायता समूहों तक व्यावहारिक रूप में पहुँच सके। इंदौर का यह केंद्र मध्य प्रदेश का सातवाँ वन विज्ञान केंद्र है, जिसे मालवा क्षेत्र के लिए विशेष रूप से विकसित किया गया है, जहाँ कृषि और वन आधारित आजीविका का गहरा संबंध है। नर्सरी से खेत तकः बड़गोंदा नर्सरी बनेगी किसानों के लिए प्रदर्शन केंद्र इस पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बड़गोंदा नर्सरी, महू (इंदौर) में एक फील्ड डेमोंस्ट्रेशन एवं सप्लाई सेंटर की स्थापना है। यहाँ से किसानों को उच्च उत्पादन देने वाले, तेजी से बढ़ने वाले पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे, जो स्थानीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल और बाजार की मांग के अनुसार होंगे। किसानों को खेत में विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन देखने का अवसर मिलेगा, जिससे वे बेहतर निर्णय ले सकें और जोखिम कम हो। बेहतर खेत और वन परिणामों के लिए आधुनिक वानिकी तकनीकें वन विज्ञान केंद्र के माध्यम से जल-संरक्षण आधारित वानिकी, एग्रोफॉरेस्ट्री, चारकोल उत्पादन, मशरूम उत्पादन, औषधीय पौधों का सतत दोहन, तथा गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री एवं क्लोन पौधों का उत्पादन जैसी तकनीकों को बढ़ावा दिया जाएगा।

विशेष रूप से लाख और बाँस के मूल्य संवर्धन पर जोर दिया जाएगा, ताकि किसान और स्व-सहायता समूह कच्चे माल के बजाय प्रसंस्कृत उत्पाद बेचकर अधिक आय अर्जित कर सकें। किसानों और बाजार के बीच की दूरी को पाटने की पहल यह स्वीकार करते हुए कि केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, वन विभाग द्वारा किसानों और बाजार को जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। निजी क्षेत्र और संस्थागत खरीदारों के साथ संरचित संवाद के माध्यम से उत्पादन और बाजार के बीच की दूरी कम की जाएगी, जिससे वन आधारित आजीविका अधिक स्थिर और लाभकारी बन सके।

## आय बढ़े, वन भी सुरक्षित रहें

केंद्र द्वारा लघु वनोपज जैसे अर्जुन की छाल, तेंदू पत्ता, चार चिरौंजी, पलाश, सतावर, सफेद मुसली तथा अन्य औषधीय पौधों के सतत संग्रह और खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे आय में वृद्धि के साथ-साथ वन संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

## इंदौर उद्घाटन कार्यक्रम में कौन-कौन होंगे शामिल

उद्घाटन कार्यक्रम 30 तारीख को सोशल फॉरेस्ट्री कार्यालय, मालवा डेमो नर्सरी परिसर, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर ICFRE और TFRI जबलपुर के वरिष्ठ अधिकारी, मध्य प्रदेश वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, सेवानिवृत्त वन अधिकारी, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापक, पर्यावरणविद्, गैर-सरकारी संगठन, विभिन्न विभागों के अधिकारी, किसान, निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ तथा उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## एक ऐसा मॉडल जिसे पूरे देश में दोहराया जा सकता है

विज्ञान आधारित और बाजार से जुड़ा वानिकी मॉडल अपनाकर, वन विज्ञान केंद्र, इंदौर यह दर्शाता है कि किस प्रकार अनुसंधान संस्थान और फील्ड एजेंसियाँ मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर लागू होने वाले, टिकाऊ और प्रभावी समाधान विकसित कर सकती हैं।

# वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्र 2

## आबकारी इंदौर की कार्यवाही



कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्री शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी जी ,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल जी के नेतृत्व में आज दिनांक 27/12/2025 को वृत्त आंतरिक 2 प्रभारी जया मुजाल्दे ने अपनी टीम के साथ सिंहासा क्षेत्र में प्रातःगश्त के दौरान जवाहर टेकरी से कुख्यात ब्लेकर आनंद चौहान के घर अचानक दबिश दी ।मौके पर आनंद के घर से 4 पेटी (204 पाव )देसी मदिरा मसाला जब्त कर कब्जे आबकारी लिया गया ।आरोपी आनंद आबकारी अमले को देखकर मौके से फरार हो गया ।आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।इसके अलावा राजेंद्र नगर रेलवे पटरी से 32 पाव देसी मदिरा के एवं अर्जुनपुरा से 23 पाव देसी मदिरा के अज्ञात बरामद हुए ।जब्त मदिरा की कुल कीमत लगभग 25900 रुपए निकाली गई है। कार्यवाही में वृत्त प्रभारी जया मुजाल्दे,आबकारी आरक्षक उस्मान मिर्जा ,कोमल कनेल और ड्राइवर रफीक चाचा का सराहनीय योगदान रहा ।



# आबकारी इन्दौर की कार्यवाही



कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर, श्रीमान शिवम व**र्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत महू अ के श्री गणपत सिंह धुध के नेतृत्व में आज दिनांक 27.12.2025 को आबकारी उप निरीक्षक कृतिका द्विवेदी की टीम के द्वारा वृत्त क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।**

आज की कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन नंबर mp 09 uz 1333 एक्सेस स्कूटी * से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 12 बोतल विदेशी मदिरा व्हिस्की। मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी शशिकांत तिवारी के विरुद्ध *आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 88500/- रुपए है। आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक श्री विवेक कनाडे श्री कमलेश निहोरे , श्रीमती रीना भिड़े का सराहनीय योगदान रहा ।

इंदौर
इंदौर, सोमवार 29 दिसम्बर 2025
रणजीत टाइम्स
03

# फौजदार सम्मान समारोह में जुटी समाज की ताकत विधायक गोलू शुक्ला मुख्य अतिथि




**रणजीत टाइम्स**

राजस्थान पंचायत वाल्मीकि समाज शहर का भव्य आयोजन राजस्थान पंचायत वाल्मीकि समाज शहर द्वारा दिनांक 28 दिसंबर 2025 को चारों फौजदार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राजस्थान पंचायत के अध्यक्ष श्री सुरेश घावरी ने किया। समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के विधायक माननीय श्री गोलू शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने वाल्मीकि समाज की एकता, संगठन और सामाजिक सशक्तिकरण की सराहना करते हुए समाज के उत्थान हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

समारोह में श्री विक्की पहलवान, पथरोड श्री मुन्ना नरवाले, श्री बालकिशन करोसिया, श्री गोकुल करोड़, संरक्षक श्री मुन्ना दास जी काछोटिया, सरपंच श्री सोहनजी रानवे, श्री श्यामलाल, श्री अजय पाल, श्री लक्ष्मण लोट तथा कोषाध्यक्ष श्री पटेल कमल मोट सहित समाज के समस्त चौधरी, पटेल एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों की उपस्थिति में चारों फौजदारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं गरिमामयी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन ने समाज में एकजुटता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया।

# दिव्यांगआश्रम मे जन्म दिवस के उपलक्ष में जरुरत की भोजन सामग्रियां प्रदान की




**खुशबू श्रीवास्तव**

उज्जैन रोड ग्राम बरदरी, इंदौर में स्थित आनन्द बधिर बालिका आश्रम के संरक्षक एस एन गोयल समाधान ने बताया कि प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति विष्णु बिंदल ने अपने जन्म दिन के उपलक्ष्य में आश्रम की सभी मूक-बधिर एवं अनाथ १२० बच्चियों के लिए जरुरत की भोजन सामग्रिया एवं प्रतिदिन लगने वाले दूध की दो माह की व्यवस्था उपलब्ध करवाई तथाभविष्य में भी यथासंभव सहायता प्रदान करते रहने का कहा।डायरेक्टर श्रीमती मोनिका पुरोहित व ज्ञानेंद्र पुरोहित ने आभार मानते हुए कहा कि आश्रम की सभी दिव्यांग बालिकाए बिना मां-बाप की व आदिवासी निर्धन परिवारों से हैं तथा उनके रहने -खाने व शिक्षित करने का कार्य आश्रम द्वारा जनसहयोग से क्रिया जाता है। आश्रम में 20 कंप्यूटर लगाकर सभी बधिर बच्चियों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा रोजगार की दिशा में उन्हें ई रिक्शा चलाने की भी ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है ।

# इंदौर पुलिस कमिश्नरेट की गुंडे, बदमाशों एवं असमाजिक तत्वों के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले लापरवाह चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही...

पुलिस द्वारा सरप्राइज चैकिंग में गुंडे बदमाशों एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले असामाजिक तत्वों सहित लगभग कुल 1369 बदमाशो को चेक करते हुए, उनमे से 651 पर की उचित वैधानिक कार्यवाही। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 317 लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध की गई 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही। सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध 27 प्रकरण तथा अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वालो के विरुद्ध 06 प्रकरण पंजीबद्ध कर बदमाशों/असामाजिक तत्वों पर की वैधानिक कार्यवाही।

**हॉटस्पॉट व शैडो एरिया में ड्रोन पेट्रोलिंग कर की चैकिंग व निगरानी**

इंदौर। शहर में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण तथा आगामी नववर्ष को ध्यान में रखते हुए, पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा प्रभावी व सघन चैकिंग एवं पेट्रोलिंग के दिशा निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में एडिशनल कमिश्नर (का./व्य.) श्री अमित सिंह व एडिशनल कमिश्नर (क्राइम) इंदौर श्री आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में में इंदौर शहर के चारों जोन के डीसीपी नेतृत्व में, दिनांक 27-28 दिसंबर की दरमियानी रात्रि से 03 बजे तक नगरीय इंदौर के संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ पुलिस फोर्स ने सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे बदमाशों असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए विशेष चैकिंग व कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान इंदौर पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों व असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए लगभग कुल 1369 बदमाशो को चेक करते हुए, उनमे से 651 पर उचित वैधानिक कार्यवाही की गई हैं....

जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों में वांछित कुल 227 से ज्यादा वारंटों को कराया गया तामील, जिसमें लंबे समय से फरार-- 61-स्थाई, 84-गिरफ्तारी और 82-जमानती वारंट के साथ ही 107 समंस भी किए तामील। इस दौरान अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर कड़ा प्रहार करते हुए, 317 वाहन चालकों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की गई। और ये कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी ताकि शराब पीकर वाहन चलाते हुए लोगों की जान जोखिम में डालने वाले ऐसे लापरवाह वाहन चालकों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वालो के विरुद्ध 06 प्रकरण पंजीबद्ध कर NDPS एक्ट की कार्यवाही की गई। वहीं सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध 27 प्रकरण पंजीबद्ध कर बदमाशों/असामाजिक तत्वों पर की वैधानिक कार्यवाही। आदतन बदमाशों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए- 170 BNSS में-21 व 129 BNSS में-07, 126B/135(3) BNSS में-25, 141-1ख में 21, इस प्रकार कुल 74 बदमाशो/असामाजिक तत्वों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही/समंस तामिल।

इस दौरान हॉटस्पॉट व शैडो एरिया में ड्रोन पेट्रोलिंग कर की चैकिंग व निगरानी करते हुए, क्षेत्र के अपराधिक प्रवृत्ति के 334-गुंडे/बदमाशों, 92-नकबजनों, 29-लुटेरों, 98-चाकूबाजों, 122-निगरानीशुदा बदमाश और 43 जिलाबदर व रासुका के बदमाशों तथा महिला संबंधी अपराधों एवं वाहनों में आगजनी व तोडफ़ोड़ में संलिप्त अपराधियों सहित करीब कुल 718 से ज्यादा बदमाशों को चेक कर की कार्यवाही और आगे कोई अपराध ना करने की दी हिदायत इस दौरान कई फरार अपराधी भी पुलिस की गिरफ्त में आये है, जिनके विरुद्ध वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान चेक किये/पकड़े गए बदमाशों को अपराध ना करने की हिदायत देते हुए उनसे डोजियर भी भरवाए गए हैं। इंदौर पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# कांग्रेस ने 140वे स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कर मनाया

महू। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा. महू में कांग्रेस ने 140 वे स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कर मनाया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू खान ने बताया हे कि प्रातः10:30 बजे शहर कांग्रेसकार्यालय कायस्थ मोहल्ला पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा ने हमेशा देश के प्रति निष्ठा के साथ सेवा की है और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व केंट बोर्ड उपाध्यक्ष कैलाश दत्त पांडे ने कहा कि आज जो भारत में सरकारी चल रही है वह देश में गरीबी बेरोजगारी बढ़ा रही है जबकि कांग्रेस के द्वारा देश में गरीबी एवं बेरोजगारी के प्रति जागरूक होकर कार्य किया था लेकिन आज इस सरकार ने देश के नौजवान बेरोजगार है महंगाई चरम पर है लेकिन कोई आवाज उठाने वाला नहीं सिर्फ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के कंधे से कंधे मिलाकर चलने का संकल्प लिया इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता यदुनंदन पाटीदार, पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव शक्ति सिंह गोयल, विजेंद्र सिंह चौहान, पुनीत शर्मा, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल, आनंद



गोगलिया, अमित अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, रवीश जादम, गोविंद शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हुकुम अंजना, राजकुमार बागड़ी, विनोद भार्गव शेखर मालवीय आमिर खान, अल अमन खान, मुन्नालाल वर्मा, प्रीतम वर्मा गोना, विकी कौशल, मनमोहन कौशल, रकीब मेहर, संतोष अग्रवाल, विकी कौशल सतीश शेखावत ओमप्रकाश लोटआदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष विजय नौलक्खा ने किया। आभार कार्यवाहक अध्यक्ष रवि मिश्रा ने व्यक्त किया।

### स्वतंत्रता और राष्ट्र निर्माण आजादी में कांग्रेस की बड़ी भूमिकाः गोविंद टेलर

नगर में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया नगर कांग्रेस कमेटी हासलपुर एवं ब्लाक सेवादल द्वारा यह आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता गोविंद टेलर ने कहा स्वतंत्रता और राष्ट्र निर्माण आजादी में कांग्रेस की बड़ी भूमिका आंदोलन में करोड़ों कांग्रेसजनों ने लाठियां खाईं और जेल की यातनाएं सही। आजादी के बाद, आधुनिक भारत के निर्माण में पंडीत नेहरू के उद्योगों, इंदिरा गांधी के बैंकों के राष्ट्रीयकरण और राजीव गांधी की सूचना क्रांति की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान वरिष्ठ रविशंकर मीणा, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, सेवादल ब्लाक अध्यक्ष पंकज मीणा,युकां ब्लाक उपाध्यक्ष लखन सिंह दरबार आदी मुख्य रुप से उपस्थित थे।

51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

# कलश यात्रा निकली, चार दिन तक चलेगा कार्यक्रम




महू। महू-नीमच रोड स्थित चिनार पार्क कॉलोनी में गायत्री परिवार महू गांव ने 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में शुरू हुआ यह धार्मिक कार्यक्रम 26 से 29 दिसंबर 2025 तक चलेगा। महायज्ञ के पहले दिन दोपहर 1 बजे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और श्रद्धालु शामिल हुए।

महिलाओं ने कांवड़ में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के साहित्य को रखकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। यात्रा के चलते पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया।

### महापुरुषों की झांकियां बनी आकर्षण कलश यात्रा के दौरान

अहिल्याबाई होल्कर, रानी लक्ष्मीबाई, भारत माता और छत्रपति शिवाजी की मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की गईं। इन झांकियों के माध्यम से नारी शक्ति और देशभक्ति का संदेश दिया गया। चलित झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। महायज्ञ का उद्देश्य इस 51 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन केवल धार्मिक शांति के लिए ही नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार के लिए भी किया जा रहा है।

# सोशल मीडिया के नशे में 'खाकी' को चुनौती



सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या क्या बढ़ी, कुछ लोगों को लगता है कि वे कानून से ऊपर हो गए हैं। ताजा मामला मध्य प्रदेश के इंदौर से सामने आया है, जहाँ खुद को 1 करोड़ फॉलोअर्स वाला इन्फ्लुएंसर बताने वाले एक युवक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को न केवल धमकाया, बल्कि उसे थप्पड़ मारने तक की बात कह दी। घटना इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक नर्सरी में जा घुसी। मौके पर पहुँचे हेड कांस्टेबल गोरख मोरे ने जब घायलों की मदद करनी चाही और कानूनी प्रक्रिया शुरू की, तो वहाँ मौजूद यूट्यूबर सोनू ने हंगामा शुरू कर दिया।

वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सोनू पुलिसकर्मी पर चिल्ला रहा है और उसे 'औकात' दिखा रहा है। उसने पुलिसकर्मी से कहा, "मेरे 1 करोड़ फॉलोअर्स हैं, तुझे अभी बर्बाद कर दूंगा। तू मुझसे माफी मांग वरना थप्पड़ मार दूंगा।" [पुलिस का पक्ष] हैरानी की बात यह है कि पुलिसकर्मी संयम बरतते रहे, लेकिन यूट्यूबर लगातार अपनी लोकप्रियता का रौब झाड़ता रहा। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी काम में बाधा डालने और वर्दी का अपमान करने के आरोप में आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह घटना एक बड़ा सवाल खड़ा करती है कि क्या डिजिटल दुनिया की लोकप्रियता किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार दे देती है? फिलहाल, पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की जांच कर रही है।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्यौहारी की बैठक सम्पन्न

रिपोर्ट-प्रदीप सिंह बघेल

## प्रदेश एवम जिला पदाधिकारियों की बैठक में लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी अध्यक्ष तो महासचिव बने बीके



प्रदेश संगठन के अध्यक्ष साथी शलभ भदौरिया के मार्गदर्शन मे आज ब्यौहारी मे मजबूत संगठन का गठन किया गया आज ब्यौहारी ब्लॉक के नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी की अध्यक्षता में पत्रकारों की एक बैठक हुई जिसमें संगठन के प्रान्तीय प्रभारी साथी मो.अली,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य साथी दिनेश अग्रवाल जिला श्रमजीवी पत्रकार संघ शहडोल के अध्यक्ष साथी गजेन्द्र सिंह परिहार, महासचिव साथी अनुराग त्रिपाठी,की विशेष उपस्थिति रही ।

बैठक में संगठनात्मक चर्चा करने एवं प्रांताध्यक्ष साथी शलभ भदौरिया की उपस्थिति में संगठन का बड़ा कार्यक्रम करने पर गंभीरता पूर्वक विचार विनिमय हुआ । जिला अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह परिहार ने सभी की सहमति से ब्यौहारी ब्लॉक ईकाई के महासचिव पद पर साथी बी. के. तिवारी के नाम की घोषणा की एवं तीन नये पत्रकारों को ऑन लाइन सदस्यता फार्म भरने की सलाह दी । बैठक को साथी अलीसाहब,साथी दिनेश अग्रवाल साथी गजेन्द्र सिंह परिहार के अलावा साथी लक्ष्मीकांत चर्तुवेदी शत्रुघन चतुर्वेदी,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, ब्यौहारी डा. अशोक तिवारी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ब्यौहारी वरिष्ठ पत्रकार सिद्धार्थ अग्निहोत्री राजकुमार जयसिंहनगर ब्लॉक अध्यक्ष राकेश गुप्ता, गोहपारु ब्लॉक अध्यक्ष ,राजेश यादव बिष्णूदास बैस शिवकुमार गुप्ता शेख रब्बानी सुभाष त्रिपाठी सूर्यभान यादव विनोद तिवारी विनय द्विवेदी विकाश यादव श्री निवास मिश्रा राकेश पाण्डेय अरविंद पटेल राजकुमार पटेल मो0 फाकिर चाद सहित अनेक पत्रकार साथियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही । बैठक के अंत में संभागीय महासचिव साथी कृष्णा तिवारी की माता जी एवं दैनिक समय के संपादक चन्द्रशेखर त्रिपाठी के निधन पर शोक-श्रद्धांजलि व्यक्त की गई।

---

# विधायक द्वारा बोरी बंधान कार्य में श्रमदान





रिपोर्ट-प्रदीप सिंह बघेल

**जन अभियान परिषद के तत्वाधान में सोहागपुर जनपद पंचायत के ग्राम जोधपुर के छतुरिहा टोला के मुड़ना नदी पर बने स्टाप डैम में बोरी बंधान का कार्य किया गया। बोरी बंधान कार्य में विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह,सरपंच श्री रामशखू बैगा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पांडेय सहित अन्य लोगों ने श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया।**

विधायक ने कहा कि "जल है तो जीवन है" हमें बहते हुए जल को रोकना होगा जिससे भूमि का जल स्तर बढ़े और पशुओं,जानवरों के लिए पीने के लिए पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के प्रति स्वयं जागरूक होना होगा तथा दूसरों को भी जागरूक करना होगा। बोरी बंधान कार्य में ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद श्रीमती प्रिया सिंह बघेल,श्री राकेश कुशवाहा,श्री सुशील शर्मा,श्री सूरज नापित,श्री अशोक नापित,श्री राघवेन्द्र शुक्ला,लोकनाथ नामदेव,सहित प्रस्फुटन समिति सदस्य सहित स्थानीय लोगों ने भी श्रमदान किया।

# मध्य प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय श्री डॉ . मोहन यादव जी के बड़े भाई आदरणीय श्री नन्दकिशोर यादव जी से मंडल मीडिया प्रभारी राम कश्यप प्रजापति कुम्हार समाज के हितों के लिए उनसे सहयोग करने का आग्रह किया



ग्राम जाख्या

पत्रकार खुशबू श्रीवास्तव

मध्य प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय श्री डॉ . मोहन यादव जी के बड़े भाई आदरणीय श्री नन्दकिशोर यादव जी का इंदौर के ग्राम जाख्या में पटेल मौसम निगम के निज निवास पर पधारे विधानसभा 1 के गुरु टेकचंद मंडल में मंडल मीडिया प्रभारी राम कश्यप ने साफ़ा बाँधकर एवं राम नाम का दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं सौजन्य भेंट की और प्रजापति कुम्हार समाज के हितों के लिए उनसे सहयोग करने का आग्रह किया जैसे कि इलेक्ट्रिक चाक मिट्टी मिक्सिंग मशीन लीज पर काम करने के लिए ज़मीन ईट बनने की मशीन सरकारी मुद्रा लोन या औद्योगिक लोन और अगर इन योजनाओं का लाभ पहले से है तो उसे और आसान किया जाना चाहिए जिससे कि किसी भी व्यक्ति की योजना का लाभ लेने में असुविधा ना हो और जब दुर्गा माता जी पर्व ,गणेश चतुर्थी पर्व , दिवाली पर्व जैसे त्योहार आते हैं तो कुम्हार समाज के व्यापारी को बाजार में जो की कहीं सालों पूर्वजों के टाईम से दुकान लगते आते है उन्हें सामान पूर्वक दुकान लगाने दे बुरा जब लगता हैं तब वह सात आठ महीने पहले से उस कम को करता है तो उसे कोई खरीदने उसके घर नहीं जाता है उसे बाजार में ही आना पड़ता हैं और त्योहारों के टाईम पे लोग भी बाज़ार जाना पसंद करते हैं ख़रीदी करने के लिए।

# पिछोर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गरैठा में 250 लोगों नें ली भाजपा की सदस्यता

## सदस्यता के दौरान ग्राम वासियों ने की विधायक प्रीतम लोधी के कार्यों की सराहना

**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर विधानसभा क्षेत्र की जनपद पंचायत खनियाधाना के अंतर्गत आने बाली ग्राम पंचायत गरेठा में सभी समाज के लगभग 250 व्यक्तियों द्वारा अपने परिवार के साथ 28 दिसंबर रविवार को विधायक प्रीतम लोधी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की !

इस मौके पर गरेठा ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पिछड़ा वर्ग प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अशोक सिंह यादव,विधायक प्रतिनिधि करण सिंह लोधी आदि के समक्ष ग्राम वासियों द्वारा शपथ ग्रहण की गई,शपथ ग्रहण के दौरान ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि भाजपा की नीतियों के कारण हम लोग भाजपा में आज अपनें परिवार सहित शामिल हुए हैं, भाजपा सरकार द्वारा आज कई ऐसी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका हम सभी लोगों को सीधा-सीधा लाभ मिल रहा है हमारे परिवार में लाडली योजना के नाम से हमारी महिलाओं को 1500



रूपये प्रतिमाह मिलते हैं, इसके साथ ही भाजपा की ओर से कई ऐसी योजनायें संचालित हैं,जिसका हम सभी लोग आज सीधा लाभ ले रहें है !हम सभी लोग पिछोर क्षेत्र के विधायक प्रीतम सिंह लोधी की कार्य शैली तथा उनके द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में कराये जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित हैं ! इसके साथ ही विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने लगभग 250 लोगों को भाजपा का गमछा पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल किया और भाजपा परिवार में शामिल होने पर उन सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी !

इसके साथ-साथ पिछोर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कछौआ के युवाओं ने भी कांग्रेस को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति और विधानसभा पिछोर में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा परिवार में शामिल हुए जिसमें हरवान रजक, संग्राम रजक, रवि रजक, हरवान रजक, केवल रजक, भूपत रजक, अंकित रजक, सुमित रजक, नरेंद्र रजक, निलेश रजक, मनी रजक, शोभाराम रजक, अंकेश रजक , अरविंदर रजक, विनोद रजक, जीवन रजक, उद्यम रजक , मानसिंह रजक, नीरज रजक आदि रजक समाज के लोगो ने भाजपा की शपथ ली।

# धर्म ध्वज यात्रा के चतुर्थ चरण का ऐतिहासिक शुभारंभ



## जामसांवली धाम तक श्रद्धा-भक्ति से ओतप्रोत विशाल यात्रा संपन्न

मुलतापी। महाआरती मंडल मुलतापी के तत्वावधान में वर्ष के अंतिम शनिवार को चमत्कारी श्री हनुमान मंदिर बघौली से जामसांवली धाम तक भव्य एवं विराट धर्म ध्वज यात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। इसी पावन अवसर पर धर्म ध्वज यात्रा के चतुर्थ चरण का विधिवत शुभारंभ हुआ। यह धर्मप्रेरित यात्रा 31 दिसंबर 2022 से निरंतर संचालित हो रही है और विगत तीन वर्षों में 151 ग्रामों तक पहुँचकर जन-जन में धर्म, संस्कार और राष्ट्र चेतना का संदेश दे चुकी है। आयोजकों का कहना है कि यह यात्रा अब केवल क्षेत्रीय नहीं रही, बल्कि समूचे भारतवर्ष में सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक जागरण का माध्यम बन रही है।

यात्रा के दौरान 11 हवन कुंडों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियाँ देकर शक्ति-संचार किया गया, जिसके साथ तृतीय चरण की पूर्णाहुति एवं चतुर्थ चरण का शुभारंभ संपन्न हुआ। इसके पश्चात श्री हनुमान महाराज की दिव्य, अलौकिक मुद्गल (गदा) एवं पवित्र भगवा धर्म ध्वज के साथ यात्रा ग्राम सर्रा के लिए रवाना हुई। ग्राम सर्रा प्रस्थान के दौरान मुलताई निवासी मनीष माथनकर एवं संदीप माथनकर द्वारा श्री हनुमान महाराज की मुद्गल एवं पवित्र भगवा ध्वज का विधि-विधानपूर्वक पूजन-अभिषेक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने यात्रा की सफलता तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति के लिए प्रार्थना की। इस पावन अवसर पर महाआरती मंडल मुलतापी के सदस्य संदीप कोशे, दयानंद बारपेटे, शिवेंद्र बोरबन, हेमंत राजपूत, बलराम राजपूत, बहादुर राजपूत एवं दिनेश सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे और धर्म ध्वज यात्रा में सहभागिता निभाई। यात्रा के दौरान हनुमंत श्री अजाबराव साबले जी का सानिध्य एवं डॉ. हेमंत देशमुख जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आयोजकों ने बताया कि यह धर्म ध्वज यात्रा प्रत्येक शनिवार ग्राम एवं नगरों में महाआरती के आयोजन के माध्यम से धर्म जागरण, सामाजिक समरसता और राष्ट्र चेतना के उद्देश्य से निरंतर, अविरल, अनथक एवं अखंड रूप से संचालित की जा रही है। ग्राम सर्रा में श्री हनुमान महाराज की मुद्गल एवं धर्म ध्वज का सात दिवस तक आगमन रहेगा, जहाँ विविध धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यात्रा को लेकर क्षेत्रभर में अपार उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।

# पिछोर में अटल बिहारी वाजपेई जनशताब्दी तथा भाजपा सरकार की दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बैठक आयोजित

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा गत दिवस पिछोर रेस्ट हाउस पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जनशताब्दी वर्ष के उपलक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी की मोहन सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विधानसभा क्षेत्र 26 के सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष,महामंत्री विधायक प्रतिनिधि,सांसद प्रतिनिधि तथा महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी सहित बूथों के त्रिदेवो, पदाधिकारीयों के बीच एक बैठक आयोजित की गई ! विधायक द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की !

कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि हम किस्मत वाले हैं कि हमें मोहन यादव जैसी सरकार मिली है और मोदी जैसा नेतृत्व करने वाला प्रधानमंत्री मिला है, जिनके नेतृत्व में हम पिछोर विधानसभा को विकास में कभी भी पीछे नहीं छोड़ेंगे और अपनी पिछोर विधानसभा को नंबर एक बनाकर ही रहेंगे, उन्होंने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब हम कक्षा चार में पढ़ते थे,तो हम लोग याद करते थे कि कब 15 अगस्त,26 जनवरी आएगा जब हमारे अटल बिहारी जी अपनी साइकिल से हमारे विद्यालय में आकर झंडा फहरायेंगे वह दिन हमें आज भी याद है, हमने अटल जी को झंडा फहराते हुए भी देखा है,अपने घर आते हुए भी देखा है, क्योंकि वह सांसद का चुनाव ग्वालियर से ही लड़ते थे,हमने उनको पार्टी को आगे चलाते हुए देखा है,उनको प्रधानमंत्री बनते हुये भी देखा है,यह वास्तविकता में उन्ही की देन है कि उन्होंने कहा था कि एक दिन सवेरा होगा, और अंधेरा छटेगा, और कमल खिलेगा, जो आज पूरी तरह सच हुआ है ! उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार प्रशिक्षण तथा लाडली बहिनों के लिए 1500 रूपये से 3000 मिलेंगे तथा भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर बढ़ाकर 5000 भी दिये जा सकते हैं, विधायक नें एसआईआर के बारे में विस्तार से चर्चा कर जानकारी देते हुए कहा है कि अभी एक माह और इस कार्य को किया जाना है, जिस पर हमें ध्यान देकर इस कार्य को निष्पक्षता के साथ सहयोग करना है !जहां पर लगभग 9000 जो नाम काटे गये हैं,वह



बाहर के थे, जो नाम लिखवाकर यहां सिर्फ बोट डालनें आते थे,कुछ नाम जो अभी भी फर्जी हो, उन पर ध्यान देकर हटबाने का काम कराएं ! इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सोनू बिरथरे ने विधायक की तारीफ करते हुए कहा है कि विधायक प्रीतम सिंह की लोकप्रियता के चर्चे सभी जगह होते हैं,जब कभी चुनाव लड़ने की बात आती है,तो लोगों का कहना होता है,कि प्रीतम सिंह जी कमल के फूल पर चुनाव लड़ें जिससे हमें भी लाभ होता है,बिरथरे नें कहा है कि चाहे शिवपुरी हो,करेरा हो या कोलारस,अशोकनगर या दतिया सभी जगह उनकी लोकप्रियता का लाभ मिलता है ! बहीं सांसद प्रतिनिधि हरवीर सिंह रघुवंशी ने कहा कि पिछोर विधायक का नाम जनहित के मुद्दों के नाम से हमेशा चर्चा में रहता है ! कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री मुकेश पंसारी द्वारा किया गया !

## अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायतो का निरीक्षण



अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह ने ग्राम पंचायत भानपुर एवं कठौतिया में किए जा रहे जल संचयन के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने संबंधित सचिवों से सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं शिकायतकर्ताओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें गलत शिकायत दर्ज नहीं करने हेतु समझाइश दी। उन्होंने संबंधित सचिव को निर्देश दिए कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के निराकरण की स्थिति, पीएम आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवास जैसे अन्य कार्यों की भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत कठौतिया के अमृत सरोवर तालाब का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि कई किसानों द्वारा लगभग 20 एकड़ से अधिक खेत सिंचित किए गए है। उन्होंने ग्रामीणों एवं किसानों को मत्स्य पालन तथा सिंघाड़ा उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करते हुए अतिरिक्त आय अर्जित करने की समझाइस दी। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने गांव के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों से भी चर्चा कर विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन स्कूल जाएं और मन लगाकर पढ़ाई करें।

# संयुक्त संचालक लोक शिक्षक ने ली प्राचार्यों की बैठक



रिपोर्ट-प्रदीप सिंह बघेल

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री उमेश कुमार धुर्वे की उपस्थिति में शा० मॉडल उ. मा. वि. सोहागपुर (चाँपा) में हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक परीक्षाफल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के शासकीय विद्यालयों के परीक्षा परिणाम पर चर्चा की गई, जिन स्कूलों के परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम रहा है उन्हें परीक्षा परिणाम सुधारने के निर्देश संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने दिए। उन्होंने प्राचार्यो को निर्देशित किया कि पाठ्यक्रम शीघ्र पूरा कर बोर्ड परीक्षाओं के अनुरूप मॉडल प्रश्न पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को अभ्यास कराएं। जिन विषयों में परीक्षा परिणाम अपेक्षित नहीं रहा है। ऐसे विषयों को चिन्हांकित कर विशेष कक्षाएं लगाकर विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा कक्षाओं के नियमित संचालन को प्राथमिकता दी जाए। स्मार्ट क्लास के द्वारा विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण एवं प्रश्नों के हल करने के तरीकों की समझाइस दी जाए। इसके साथ ही कठिन विषयों गणित अंग्रेजी, विज्ञान विषयों की विशेष कक्षाएं लगाकर समस्याओं का समाधान किया जाए। होमवर्क देकर उनके सीखने की क्षमता की नियमित मानीटरिंग भी की जाए। परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों में होने वाले तनाव से बचाने के लिए प्रधानमंत्री जी की चर्चा कार्यक्रम में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सहभागी बनाया जाए। कार्यक्रम में भाग लेने हेतु विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का पंजीयन कराया जाए। बोर्ड परीक्षाओं में अंक विभाजन पर चर्चा की गई। प्राचार्यो से उनके व्दारा अपनाई गई रणनीतियों एवं सुझाव भी लिए गए।

बैठक ए.पी.सी. श्री अरविन्द पाण्डेय सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

# कांग्रेस का 140 वा स्थापना दिवस मनाया

## पार्टी का झंडा वंदन कर राष्ट्रगीत का स्मरण किया

झाबुआ/भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वा स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय विधायक कार्यालय पर पार्टी का झंडा वंदन जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका द्वारा किया गया।

झंडा वंदन के पश्चात समस्त कांग्रेस जनों ने राष्ट्रीय गीत जन गण मन गाकर कांग्रेस पार्टी के महान पुरुषों की जय जयकार कर नारे लगाए इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका मैं अपने उद्बोधन में पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 में 72 सदस्यीय कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में हुआ जिसका उद्देश्य सर्व धर्म समभाव सर्वहारा वर्गों के उत्थान एवं धर्मनिरपेक्षता रहा है जो आज भी अपने उद्देश्य पर दृढ़ संकल्पित है कांग्रेस का गठन भारतीयों को एक मंच प्रदान करना था जहां वे अपने विचारों और मांगों को व्यक्त कर सके समय के साथ कांग्रेस भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की प्रमुख पार्टी बन गई और महात्मा गांधी के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण आंदोलन का हिस्सा रही कांग्रेस ने ही देश में कई बड़े-बड़े संसाधन आईआईएम आईआईटी एम्स जैसे बड़े अस्पतालों बड़े-बड़े



बांधों का निर्माण कर देश में विकास किया है

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष नटवर डोडियार एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नरवेश अमलियार शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राठौर ब्लॉक अध्यक्ष खून सिंह गुड़िया महिला कांग्रेस नेता गोरी कटारा बबलू कटारा युवा कांग्रेस प्रवक्ता लोकेंद्र बिलवाल ने भी संबोधित किया इस अवसर पर शंकर सिंह हटीला किलु भूरिया राहुल वड़किया करीम शेख गोलू कुरैशी ऋषि डोडियार संजय परमार गुफरान कुरैशी राकेश डामोर मनोज गुंडिया संतोष हटीला आदेश भूरिया वीजन ताहेड दीपक मखोरिया कैलाश भूरिया डूंगर सिंह वास्केल पप्पू भाबोर प्रताप सिंह सोलंकी आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने किया व आभार कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राठौड़ ने व्यक्त किया।

# चित्रकूट को बनाएंगे भव्य और दिव्य धाम

## सतना का नया बस स्टेण्ड अटल बिहारी वाजपेयी अंतर्राज्यीय बस अड्डा के नाम से जाना जाएगा

**रंजीत टाइम्स**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशती वर्ष मना रहे हैं। अटल जी के जन्मशती वर्ष में ही मध्यप्रदेश का रीयलस्टिक डेवलपमेंट (अभ्युदय) हो रहा है। हम मध्यप्रदेश में सरकार नहीं, परिवार चलाते हैं। प्रदेश के हर घर को परिवार मानकर जनहित के निर्णय ले रहे हैं। हमारे निर्णयों में अंत्योदय भी है और ग्रामोदय भी। सतना जिला भगवान श्रीराम की कर्मभूमि रहा है। इसलिए हमारी सरकार चित्रकूट को भव्य और दिव्य धाम के रूप में विकसित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सतना को स्मार्ट सिटी योजना की सौगात देकर विकास कार्यों की गंगा बहा दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सतना के आईएसबीटी परिसर में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 31 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित आईएसबीटी का लोकार्पण किया और इसका नामकरण 'अटल बिहारी वाजपेयी अंतर्राज्यीय बस अड्डा' करने की घोषणा की। अटल जी राजनीति में शुचिता और राष्ट्रीयता के प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्र, धर्म और जनकल्याण के लक्ष्यों को लेकर सरकार चलाई। भारतीय संसद में 50 वर्षो तक अटल जी की निर्भीक वाणी गूंजती रही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना में आईएसबीटी बन चुका है। राज्य सरकार की भी पूरी तैयारी है कि नए साल से प्रदेश में सरकारी बसों का संचालन प्रारंभ हो जाएगा। मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा के नाम से प्रदेश के गांव-गांव तक सस्ती और सुविधाजनक बस परिवहन सेवा प्रारंभ कर दी जाएंगी। शहरों में लग्जरी बसें चलाई जाएंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि सतना विमानतल की एयरस्ट्रिप की वर्तमान लंबाई बढ़ाकर अब 1800 मीटर तक की जाएगी, जिससे यहां जेट विमान भी उतर सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना जिले का कोना-कोना सिंचित किया जाएगा। बरगी नहर परियोजना का पूरा लाभ सतना जिले को मिलेगा। इससे यहां की डेढ़ लाख हैक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को सिंचाई की स्थायी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतना में 652.54 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 12 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें नवीन आधुनिक आईएसबीटी एवं धवारी क्रिकेट स्टेडियम के नवीनीकरण कार्य के लोकार्पण सहित करीब 383 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 650 बिस्तरीय नवीन अस्पताल का भूमिपूजन भी शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह तीनों सौगातें सतना के विकास में चार चांद लगाएंगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितलाभ भी वितरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पूरा सप्ताह मध्यप्रदेश के विकास का ऐतिहासिक सप्ताह रहा है। धार और बैतूल में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन हुआ। ग्वालियर में "अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट" का आयोजन हुआ। कुल 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के औद्योगिक विकास कार्यों का








लोकार्पण-शिलान्यास हुआ। भोपाल मेट्रो शुरू हुई और आज विन्ध्य के विकास को भी नए पंख लग रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि भगवान श्रीराम ने सतना के पास चित्रकूट धाम में 11 वर्ष गुजारे थे। राज्य सरकार चित्रकूट धाम सहित सतना जिले के विकास के लिए संकल्पित है। यहां भगवान कामता नाथ विराजे हैं। देश-दुनिया के पर्यटक मंदाकनी नदी के किनारे चित्रकूट आ रहे हैं। अयोध्या के बाद चित्रकूट का अलग ही महत्व है। भगवान श्रीराम के जीवन से रिश्तों की मर्यादा समझी जा सकती है। उन्होंने सुग्रीव से मित्रता करके आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्रीराम और श्रीकृष्ण के जीवन से मित्रता का महत्व सीखने की आवश्यकता है। राज्य सरकार सनातन संस्कृति और राष्ट्र के कल्याण कार्यों को आगे बढ़ाते हुए विरासत का संरक्षण कर रही है। प्रदेश की बहन-बेटियों को लाड़ली बहना योजना के माध्यम से हर माह 1500 रुपए की राशि मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतना में दिल्ली-मुंबई से भव्य बस स्टैंड बनकर तैयार हो चुका है। राज्य में पहले परिवहन विभाग की लाल बसें चलती थीं। अब गांव-गांव तक प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सड़कें बनवा दी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष में प्रदेश को अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की सौगात मिल रही है। अटलजी एक आदर्श राजनेता थे। उन्होंने देश में 24 दलों को मिलाकर सरकार चलाई, लेकिन एक वोट कम होने पर पद भी त्याग दिया। अटलजी की 101वीं जयंती के मौके पर ग्वालियर और लखनऊ में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना में 650 बेडेड नए अस्पताल भवन का शिलान्यास हो गया है। अमृत 2.0 योजना के माध्यम से सतना को अनेक विकास कार्यों की सौगात मिली है। यहां 7 करोड़ रूपए की लागत से आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण भी हुआ है। इसमें डे-नाईट क्रिकेट मैच हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास के लिए सदैव जनता के साथ खड़ी है। नए साल में बरगी नहर से सतना जिले की डेढ़ लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचित होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से चित्रकूट को भी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का लाभ मिलेगा। प्रदेश के सभी तीर्थों को भी हम पर्याप्त जल उपलब्ध कराएंगे।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री और सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार में सतना स्मार्ट सिटी में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री हैं, इसलिए सतना जिले के नगरीय विकास में वे कोई कमी नहीं रहने देंगे। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में सतना जिला विकास के हर मामले में अव्वल है। उन्होंने सतना को एयर कनेक्टिविटी के मामले में और अधिक मजबूत बनाने की मांग मुख्यमंत्री से की।

सतना सांसद श्री गणेश सिंह ने कहा कि सतना में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड (आईएसबीटी) सहित करोड़ों रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश, देश में सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य बन चुका है। प्रदेश में 30 लाख करोड़ रूपए से अधिक का औद्योगिक निवेश आया है, जिसमें से करीब 8.50 लाख करोड़ रूपए के निवेश धरातल पर आ चुके हैं। राज्य सरकार चित्रकूट धाम को विकसित कर रही है। सतना को बहुत जल्द केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के सहयोग से एलिवेटेड रोड की सौगात भी मिलेगी। विंध्य क्षेत्र एयर नेटवर्क से जुड़ चुका है। राज्य के लोगों को निःशुल्क एयर एंबुलेंस की सुविधा मिल रही है। सतना एयर स्ट्रिप द्वितीय विश्व युद्ध में बनी थी। सतना महापौर श्री योगेश ताम्रकार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में आज सतना को विकास कार्यों की बड़ी सौगातें मिल रही हैं। सतना में सर्व सुविधायुक्त आईएसबीटी सहित आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम की भी सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि सतना शहर के 2350 से अधिक परिवारों को पीएम आवास मिल चुके हैं। नगर निगम सतना पीएम आवास आवंटन में प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में सतना नगर निगम को 5 स्टार रेटिंग मिली। नगर निगम सतना को 5 बड़े पुरस्कार मिले हैं। कार्यक्रम में चित्रकूट के विधायक श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रामखेलावन कौल, नगर निगम अध्यक्ष श्री राजेश चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री श्री रामखेलावन पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित थे।